# अध्याय 6 मुद्रा एवं बैंकिंग

आपने दैनिक जीवन में खरीदारी के लिए रुपये-पैसे का उपयोग किया होगा। जब ये नोट या रुपये-पैसे पहले नहीं थे उस समय हम अपनी चीजें कैसे खरीदते थे? नीचे लिखे प्रश्नों के संदर्भ में अपने बड़ों से चर्चा कीजिए :

- क्या इसी तरह के नोट/सिक्के पहले भी चलते थे?
- क्या हमेशा सिक्के उसी धातु से बनते थे जैसे कि आज?
- 20 वर्ष पहले कितने मूल्य का सबसे छोटा सिक्का चलता था और आज कौन-सा चलता है?
- पहले सिक्कों के कौन-कौन से नाम हुआ करते थे?

आपको क्या पता चला? लिखिए–

.................................................................................................

.................................................................................................



1 रुपया = 100 पैसे
या 100 पैसे = 1 रुपया

**अब बताइए–**

1 रुपया में कितने पैसे?

1. एक रुपया में पचास पैसे के कितने सिक्के होगें? ..............................................
2. दस रुपये में दो रुपए के कितने सिक्के होगें? ..............................................
3. एक रुपया का एक सिक्का और पचास पैसे के दो सिक्के मिलाकर कितने रूपये होंगे?

.................................................................................................

.................................................................................................

4. किन अलग-अलग सिक्कों को मिलाकर दस रूपये बनाये जा सकते है? ................

.................................................................................................................................

5. पचास पैसे के बीस सिक्कों से कितने रुपये बनेंगे? ..................................................

.................................................................................................................................

6. सात सौ पचास पैसे में कितने रुपये, कितने पैसे होंगे? ..........................................

.................................................................................................................................

7. तीस रुपए में पचास पैसे के कितने सिक्के होंगे? ......................................................

दुकानदार से सामान खरीदते समय हम रुपये-पैसे का लेन–देन करते हैं। नीचे नागेन्द्र द्वारा एक दुकान से खरीदे गए सामान का हिसाब लिखा गया है–

| | | |
|---|---|---|
| सामान खरीदा | – | 1 पेन |
| दुकानदार को देने थे | – | 10 रुपये |
| नागेन्द्र ने दिया | – | 20 रुपए का नोट |
| नागेन्द्र को रुपये वापस मिले | – | 10 रुपये |

**इसी तरह आपने जो सामान खरीदा हो, उसे लिखिए–**

1. सामान खरीदा – ..........................................................

   दुकानदार को देने थे – ..........................................................

   आपने दिया – ..........................................................


   आपको कितने रुपए/पैसे वापस मिले? – ..........................................................

2. सामान खरीदा – ..........................................................

   दुकानदार को देने थे – ..........................................................

| | | | |
|---|---|---|---|
| | आपने दिया | – | ............................................................ |
| | आपको कितने रुपए/पैसे वापस मिले? | – | ............................................................ |
| 3. | सामान खरीदा | – | ............................................................ |
| | दुकानदार को देने थे | – | ............................................................ |
| | आपने दिया | – | ............................................................ |
| | आपको कितने रुपए/पैसे वापस मिले? | – | ............................................................ |
| 4. | सामान खरीदा | – | ............................................................ |
| | दुकानदार को देने थे | – | ............................................................ |
| | आपने दिया | – | ............................................................ |
| | आपको कितने रुपए/पैसे वापस मिले? | – | ............................................................ |
| 5. | सामान खरीदा | – | ............................................................ |
| | दुकानदार को देने थे | – | ............................................................ |
| | आपने दिया | – | ............................................................ |
| | आपको कितने रुपए/पैसे वापस मिले? | – | ............................................................ |
| 6. | सामान खरीदा | – | ............................................................ |
| | दुकानदार को देने थे | – | ............................................................ |
| | आपने दिया | – | ............................................................ |
| | आपको कितने रुपए/पैसे वापस मिले? | – | ............................................................ |

राहुल एवं दुकानदार के बीच हुए लेन-देन के सही होने पर सही लिखिए और गलत होने पर उसे सही करके लिखिए–

| वस्तुएँ | वस्तुओं का मूल्य | राहुल द्वारा दिए गए रुपये | दुकानदार द्वारा लौटाए गए रुपये | सही/गलत |
|---|---|---|---|---|
|  | ₹88 | ₹100 | ₹12 | |
|   | ₹65 | ₹50 का एक नोट और ₹20 का एक नोट | कुछ नहीं दिया | |
|  | ₹40 | ₹50 | ₹10 | |
|   | ₹45 | तीन ₹20 के नोट | ₹15 | |
|   | ₹35 | एक ₹20 के नोट एवं दो ₹20 के नोट | कुछ नहीं दिया | |
|   | ₹10 | ₹10 | कुछ नहीं दिया | |


**रुपये को लिखने के लिए प्रतीक ₹ का उपयोग किया जाता है।**

**अब आप बताइये–**

यदि आपके पास 100 रुपये के 10 नोट और 500 रुपये के 2 नोट हो तो आपके पास कुल कितने रुपये होंगे? ..............................

**नीचे दिये गये 1000 रुपये के बराबर दिये गये नोट एवं सिक्के की सही संख्या का पता लगाइये और खाली बॉक्स में भरिये।**

नोट एवं सिक्कों के प्रकार | नोट/सिक्कों की संख्याएँ



# अभ्यास-1

1. अब आप बताइये 1200 रुपये कितने नोट एवं सिक्कों से बना सकते हैं।

..........................................................................................................................

रेशमा ने कहा कि 1200 रुपये, सौ के 2 नोट और पाँच सौ के 2 नोट से बनेंगे।

सलमा ने 500 रु का 1 नोट और 100 रुपये के 7 नोट लेकर 1200 रुपये बनाया।

अब आप 1200 रुपये को कितने तरीके से बना सकते हैं?

(i) 50 रुपये के ............................................................ नोट = 1200 रुपये

(ii) .................... रुपये के 7 नोट और .................... रुपये के 10 नोट = 1200 रुपये

(iii) .......... रुपये के .......... नोट और .......... रुपये के .......... नोट = 1200 रुपये

(iv) 100 रुपये के ............... नोट और 50 रुपये के ............... नोट = 1200 रुपये

2. अब आप 50 रुपये, 20 रुपये एवं 10 रुपये के कितने नोटों के सहारे 300 रुपये बना सकते हैं?

नोट संख्या




3. आप भी इस तरह के कुछ सवाल और बनाइये।

**शिक्षक निर्देश–** कक्षा में इस तरह के सवालों के और अभ्यास कराए जाएँ।

**4. अब आप पता कीजिए–**

(i) 500 रुपये = 100 रुपये के ........................ नोट

(ii) 1000 रुपये = 500 रुपये के ............... नोट और 100 रुपये के ............... नोट

(iii) 1250 रुपये = 100 रुपये के ............... नोट और 50 रुपये के ............... नोट

इसी तरह आप 4,550 रुपये को कितने तरीकों से बना सकते हो?

.....................................................................................................................

.....................................................................................................................

## अभ्यास-2

**आइये कीजिए–**

(1) रिया को बस द्वारा विद्यालय जाने में प्रतिदिन 10 रुपये लगते थे। विद्यालय द्वारा मिली साइकिल से वह जनवरी माह में 21 दिन विद्यालय गई। जनवरी माह में उसे कुल कितने रुपये की बचत हुई?

(2) माँ ने नारायण सेठ से निम्न तालिका में दी गई कुछ वस्तुएँ ली।

| क्र.सं. | वस्तु का नाम | वस्तु का मूल्य |
|---|---|---|
| 1. | सरसों का तेल | 425 रुपये |
| 2. | चीनी | 210 रुपये |
| 3. | आटा | 320 रुपये |
| 4. | चायपत्ती | 61 रुपये |

माँ ने नारायण सेठ को कितने रुपये दिये?

(3) प्रकाश 2,000 रुपये लेकर बाजार गया। उसने माँ के लिए 750 रुपये की एक साड़ी, रूबी के लिए 225 रुपये का सूट तथा छोटे भाई के लिए 310 रुपये के जूते खरीदे। प्रकाश ने कुल कितने रुपये खर्च किये?

**शिक्षक निर्देश–** इस तरह मुद्रा से सम्बन्धित संक्रिया आधारित प्रश्न कक्षा में हल करायें।

(4) एक साइकिल की कीमत में 735 रुपये की वृद्धि होने से वह 2,735 रुपये में मिल रही है। साइकिल की कीमत पहले कितनी थी?

(5) मीरा के बचत खाते से 500 रुपये निकालने के बाद 2,000 रुपये बच जाते हैं तो मीरा के खाते में पहले कुल कितने रुपये थे?

**(6) निम्न तालिका को देखिए और बताइए–**

| सामग्री का नाम | पकड़ी चौक आरा | बाजार समिति आरा |
|---|---|---|
| | दर प्रति किलोग्राम | दर प्रति किलोग्राम |
| सेब | 70 रुपये | 60 रुपये |
| आम | 45 रुपये | 40 रुपये |
| लीची | 45 रुपये | 38 रुपये |
| आलू | 10 रुपये | 8 रुपये |
| प्याज | 12 रुपये | 10 रुपये |

(i) आपकी माँ ने बाजार समिति से दो किलोग्राम आम खरीदा। यदि वह पकड़ी चौक से आम खरीदती तो कितने रुपए अधिक देने पड़ते।

(ii) सन्नी ने पाँच किलोग्राम आलू और दो किलोग्राम प्याज बाजार समिति से खरीदे और इन्दर ने पकड़ी चौक से, दोनों में किसने और कितने रुपए कम खर्च किए?

(iii) राम को बाजार समिति आरा से एक किलोग्राम लीची और दो किलोग्राम आम खरीदने पर पकड़ी चौक की अपेक्षा कितने रुपये की बचत होगी?

(iv) बताइए, 200 रुपये की बचत के लिए कौन-कौन सामग्री, कितनी मात्रा में, कहाँ से खरीद सकते हैं?

(7) प्रिया की गुल्लक में 2,000 रुपए थे। उसने 3,250 रुपये की साइकिल पसंद की। साइकिल खरीदने के लिए उसे और कितने रुपए चाहिए?

(8) एक दुकानदार द्वारा दशहरे के अवसर पर प्रत्येक साड़ी पर 30 रुपये की छुट दी जा रही है। आपकी मम्मी ने 350 रुपये की 2 साड़ी पसंद की। आपकी मम्मी को छुट के बाद कुल कितने रुपये दुकानदार को देने होंगे?

(9) कोशी बाढ़ पीड़ितों के सहायतार्थ म.वि. बेलाउर के 510 विद्यार्थियों ने 5 रुपये प्रति विद्यार्थी की दर से मुख्यमंत्री राहत कोष में राशि भेजी। विद्यार्थियों ने कुल कितनी राशि भेजी?

(10) एक मजदूर की मजदूरी 170 रुपये प्रतिदिन है। 15 मजदूर की 20 दिनों की मजदूरी कितने रुपये होगी?

(11) एक पुस्तक का मूल्य 45 रुपये हैं। एक पुस्तक विक्रेता 2000 रुपये में ऐसी कुल कितनी पुस्तक खरीद सकता है? क्या पुस्तक खरीदने के बाद पैसे बचेंगे? यदि बचेंगे तो कितने?

(12) सुमन के पास 476 रुपये हैं। 36 रुपये प्रति पुस्तक की दर से 3 पुस्तक खरीदने के बाद उसने शेष रुपये को प्रशांत और साधना के बीच बराबर-बराबर बाँटा। प्रशांत और साधना को कितने–कितने रुपये मिले?

(13) तुम्हारे पिताजी की मासिक आय 12,350 रुपये हैं। यदि वे अपनी आय का 10वाँ हिस्सा बच्चों की शिक्षा पर खर्च करते हैं, तो वे शिक्षा पर कुल कितने रुपये खर्च करते हैं?

- संजू पापाजी के साथ बैंक गई। उसने बैंक में पापाजी को रुपये जमा करने के लिए निम्न तरह की जमा पर्ची भरते देखा। अब बताइये पापाजी ने बैंक में कुल कितने रुपये जमा किये?



**बच्चों का बैंक** फा.सं०-405

सामान्य जमा पर्ची ( बचत बैंक/चालू जमा/आवर्ती जमा/फ्लेक्सी आवर्ती/कैश क्रेडिट/ओवरड्राफ्ट/ऋण खाता )

______ शाखा में जमा किया, मेरा खाता आरा शाखा में हैं. दिनांक : 12.07.2011

पूरा नाम पंकज कुमार

खाता नं० 1 2 0 4 0 1 0 0 0 0 6 2 2 3 खाते का प्रकार बचत

| चेक जमा | | | | नकद जमा | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बैंक का नाम एवं शाखा | चेक नं० एवं तारीख | रु. | पैसे | मूल्य-वर्ग | नं० | रु. | पैसे |
| | | | | 1000 x | 3 | 3000/- | |
| | | | | 500 x | 4 | 2000/- | |
| | | | | 100 x | 2 | 200/- | |
| | | | | 50 x | 2 | 100/- | |
| | | | | 20 x | / | / | |
| | | | | 10 x | | | |
| | | | | 5 x | | | |
| | | | | सिक्के | | | |
| | जोड़ | | | | जोड़ | 5300/- | |

कुल राशि ( शब्दों में ) रुपए पाँच हजार तीन सौ रुपये मात्र

| | | |
|---|---|---|
| पैन ( यदि नकदी जमा राशि 50,000/- एवं अधिक हो ): | जमाकर्ता के हस्ताक्षर | Pankaj Kumar |
| टेलिफोन / मोबाइल नं० : | | |
| नोट : ( 1 ) कृपया नकदी/स्थानीय/बाहरी स्टेशन चेकों के लिए अलग-अलग स्लिप का प्रयोग करें. ( 2 ) कृपया चेकों के पीछे अपनी खाता संख्या तथा अपने नाम का उल्लेख करें. | संव्यवहार संख्या ( कार्यालय के उपयोग हेतु ) | |

कार्यालय के उपयोग हेतु | प्रविष्टकर्ता | कैशियर/ टैलर | जांचकर्ता

## अब आप 4000 रुपये जमा करने के लिए बैंक पर्ची भरिये।

**बच्चों का बैंक** फा.सं०-405

सामान्य जमा पर्ची ( बचत बैंक/चालू जमा/आवर्ती जमा/फ्लेक्सी आवर्ती/कैश क्रेडिट/ओवरड्राफ्ट/ऋण खाता )

______ शाखा में जमा किया, मेरा खाता ______ शाखा में हैं. दिनांक : ______

पूरा नाम ______

खाता नं० | | | | | | | | | | | | | | | खाते का प्रकार ______

| चेक जमा | | | | नकद जमा | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बैंक का नाम एवं शाखा | चेक नं० एवं तारीख | रु. | पैसे | मूल्य-वर्ग | नं० | रु. | पैसे |
| | | | | 1000 x | | | |
| | | | | 500 x | | | |
| | | | | 100 x | | | |
| | | | | 50 x | | | |
| | | | | 20 x | | | |
| | | | | 10 x | | | |
| | | | | 5 x | | | |
| | | | | सिक्के | | | |
| | जोड़ | | | | जोड़ | | |

कुल राशि ( शब्दों में ) रुपए ______

| | | |
|---|---|---|
| पैन ( यदि नकदी जमा राशि 50,000/- एवं अधिक हो ): | जमाकर्ता के हस्ताक्षर | |
| टेलिफोन / मोबाइल नं० : | | |
| नोट : ( 1 ) कृपया नकदी/स्थानीय/बाहरी स्टेशन चेकों के लिए अलग-अलग स्लिप का प्रयोग करें. ( 2 ) कृपया चेकों के पीछे अपनी खाता संख्या तथा अपने नाम का उल्लेख करें. | संव्यवहार संख्या ( कार्यालय के उपयोग हेतु ) | |

कार्यालय के उपयोग हेतु | प्रविष्टकर्ता | कैशियर/ टैलर | जांचकर्ता

**शिक्षक निर्देश :** शिक्षक इस तरह के कुछ क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय बैंकों के बारे में जानकारी दें।

100 ₹ एवं 500 ₹ के नोट की तुलना कीजिए। उनके बीच समानताओं एवं विभिन्नताओं की एक सूची बनाइए।













समानताएँ : ..............................................................................................

..............................................................................................

विभिन्नताएँ : ..............................................................................................

..............................................................................................

## अभ्यास-3

**इन्हें भी कीजिए—**

**1. खाली स्थानों को भरिए—**

(i) वर्तमान में भारतीय मुद्रा की सबसे छोटी इकाई .............. प्रचलन में है।

(ii) 5 रुपये के 100 नोट .............. रुपये के बराबर होंगे।

(iii) 10 रुपये प्रति कलम की दर से 15 कलम का मूल्य .............. रुपये होंगे।

(iv) 750 रुपये और 225 रुपये का अन्तर .............. रुपये होंगे।

**2. सही मिलान कीजिए–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | 2000 रुपये | (a) | 500 x 11 रुपये |
| (ii) | 50 रुपये | (b) | 100 x 7 रुपये |
| (iii) | 700 रुपये | (c) | 5 x 10 रुपये |
| (iv) | 5500 रुपये | (d) | 100 x 20 रुपये |

**3. खाली बॉक्स में सही (✓) एवं गलत (x) का निशान लगाइये–**

(i) 500 रुपये, 50 के 5 नोट के बराबर होते हैं। ☐

(ii) 500 रुपये का नोट मुद्रा की सबसे बड़ी इकाई है। ☐

(iii) 200 रुपये को 4 बच्चों में बाँटने पर प्रत्येक बच्चे को 50 रुपये मिलेंगे। ☐

(iv) 200 रुपये प्रति दिन की दर से 20 दिनों की बचत 3500 रुपये हैं। ☐

(v) 3000 रुपये में से 700 रुपये खर्च किये जाने पर 2200 रुपये बचेंगे। ☐

**4. सही उत्तर पर सही (✓) का चिह्न लगाइये।**

(i) अर्चना के पास 200 रुपये खर्च करने के बाद 700 रुपये बच जाते हैं।अर्चना के पास पहले कुल कितने रुपये थे?

(क) 800 रुपये (ख) 700 रुपये

(ग) 1000 रुपये (घ) 900 रुपये

(ii) 50 रुपये के 7 नोट कितने रुपये के बराबर होंगे?

(क) 340 रुपये (ख) 360 रुपये

(ग) 330 रुपये (घ) इनमें से कोई नहीं

(iii) सीता ने 42 रुपये प्रति पुस्तक की दर से 5 पुस्तक खरीदी। उसने कुल कितने रुपये खर्च किये?

(क) 200 रुपये (ख) 205 रुपये

(ग) 210 रुपये (घ) 220 रुपये

(iv) एक मजदूर की मजदूरी प्रतिदिन 160 रुपये हैं।वह 480 रुपये में कितने दिन काम करेगा?

(क) 4 दिन (ख) 5 दिन

(ग) 3 दिन (घ) 2 दिन

(v) मुद्रा की सबसे बड़ी इकाई है?

5. वर्तमान में प्रचलित मुद्राओं (रुपये/सिक्के) के चित्र कार्ड अपने दोस्तों के साथ बनाइये तथा पाँच दोस्तों के बने कार्ड का मूल्य बताइये।

6. राधा 100 रुपये लेकर बाजार गई। उसने 30 रुपये का आम एवं 10 रुपये की कॉपी एवं 5 रुपये की कलम खरीदा। अब राधा के पास कुल कितने रुपये बचे?

7. यदि नानाजी से 500 रुपये मिलने पर आपके पास 700 रुपये हो जाते हैं तो आपके पास पहले से कुल कितने रुपये थे।

8. आपकी कक्षा के 20 विद्यार्थियों ने 5 रुपये प्रति विद्यार्थी की दर से बाढ़ राहत आपदा कोष में राशि जमा की। आपके कक्षा द्वारा कुल कितने रुपये जमा किये गये?

9. मीरा 35 रुपये की प्रति पुस्तक दर से 3 पुस्तक खरीदने के बाद अपने शेष 200 रुपये शीला एवं सोनू के बीच बाँट देती है। मीरा के पास पहले कुल कितने रुपये थे?

****